पंजाब केसरी 21/09/2024

विद्यार्थियों ने बनाया ऑर्गेनिक गार्डन, स्वस्थ भविष्य की दिशा में अहम कदम

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में तैयार किए गए ऑर्गेनिक गार्डन के पौधे दिखाते विद्यार्थी। (देवदत्त)

अम्बाला, 20 सितम्बर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में विद्यार्थियों ने ऑर्गेनिक गार्डन तैयार कर स्वस्थ भविषय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल को इको एवं एस.डी.जी. क्लब से डा. कुलदीप यादव, डा. मीनू राठी, डा. शिखा जग्गी और डा. अमिता ने संयुक्त रूप से समन्वित किया, जबकि माली सुनील कुमार और गंगा प्रसाद ने इसकी देखरेख में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कॉलेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह पर्यावरण संरक्षण और स्थायी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो छात्रों को ऑर्गेनिक खेती की तकनीकों में प्रशिक्षित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक भी करेगी।

इस ऑर्गेनिक गार्डन में विभिन्न प्रकार की सब्जियां और फल लगाए गए हैं, जिनमें टमाटर, मिर्च, खीरा, बैंगन, प्याज एवं लहसुन आदि शामिल हैं। छात्रों ने ऑर्गेनिक खेती की तकनीकों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है, जिससे वे अपने भविष्य में स्वस्थ और स्थायी खेती की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।

इस पहल की सफलता से कॉलेज छात्रों को ताजा और स्वस्थ भोजन प्रदान करने का अवसर भी मिला है, जो उनके शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करेगा। यह पहल न केवल छात्रों को ऑर्गेनिक खेती की तकनीकों में प्रशिक्षित करेगी, बल्कि उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक करेगी।